सूक्ष्मशिक्षण

शिक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया बहुत सारी कुशलताओं का सम्मलित ताना बाना है। इन कुशलताओं में से एक एक कौशल को सुधारने हेतु प्रत्येक शिक्षण कौशल के विकास की प्रक्रिया ही सूक्ष्म शिक्षण है | सूक्ष्म शिक्षण ,शिक्षण प्रशिक्षण की प्रयोगात्मक विधि है सूक्ष्म शिक्षण कम समय में अधिक लाभान्वित करने का तरीका है इसमें अध्ययन की एक इकाई और एक कौशल का प्रयोग कर अल्पअवधि तक विद्यार्थियों के एक छोटे समूह कोपढ़ाया जाता है जब प्रशिक्षाणार्थी पढ़ा लेता है तब प्रतिपुष्टि, पर्यवेक्षक द्वारा प्रदान की जाती है इस आधार पर पाठ में संशोधन कर पुनः पाठ योजना तैयार की जाती है उसी विषय वस्तु को पुनः पढ़ाया जाता है और पहली बार पढ़ाने में जो कमियां रह गयी थीं उनका निराकरण होता है और अगर दूसरी बार भी कमी रहती है तो पढ़ाने की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पर्यवेक्षक पुनः प्रतिपुष्टि देता है यही चक्र इस सूक्ष्म शिक्षण का आधार है। वर्तमान में अधिकांश अध्यापक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुख्यतः प्रस्तावना कौशल(Introductory Skill), प्रश्नीकरण कौशल (Questioning Skill), व्याख्या कौशल (Explanation Skill), व्याख्यान कौशल (Lecture Skill), दृष्टान्त कौशल (Illustration Skill), उद्दीपन परिवर्तनकौशल (Stimulus Variation Skill), पुनर्बलनकौशल(Reinforcement Skill), श्याम पट्टकौशल (Blackboard Skill), पाठ समापनकौशल (Lesson closure Skill) आदि का अभ्यास कराते हैं। सूक्ष्म शिक्षण अध्यापनके एक एक कौशल को कृत्रिम वातावरण में अल्पावधि में सीखने की सोद्देश्यपूर्ण क्रिया है।

सूक्ष्म शिक्षण की परिभाषा (Definitions of Micro Teaching) :

सूक्ष्म शिक्षण विभिन्न परिभाषाओं को इस प्रकार क्रम दिया जा सकता है :-

एलन(Allen) व रायन(Ryan)के अनुसार -"सूक्ष्म शिक्षण एक प्रशिक्षण सम्प्रत्यय है ,जो सेवापूर्व और सेवारत शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में प्रयोग किया जा सकता है। सूक्ष्म शिक्षण शिक्षकों को शिक्षण अभ्यास के लिए एक ऐसी स्थिति प्रदान करता है ,जिसमें कक्षा कक्ष की सामान्य जटिलताएँ कम हो जाती हैं और जिसमें शिक्षक अपने निष्पादन(शिक्षण व्यवहार) पर वृहत मात्रा में प्रतिपुष्टि प्राप्त करता है। "

"Micro teaching is a training concept that can be applied to various pre services and in service stages in professional development of teachers. Micro teaching provides teachers with a practical setting for instruction in which the normal complexities of the class room are reduced and in which the teacher receives a great deal of feedback on his performance."

शिक्षा – विश्वकोष (The Encyclopedia of Education) के अनुसार -" सूक्ष्म शिक्षण वास्तविक निर्मित तथा अध्यापन अभ्यास का न्यूनीकृत अनुमाप है जो शिक्षण प्रशिक्अनुसन्धान में प्रयुक्त किया जाता है।"

"Micro-teaching is a real constructed, Scaled down, Teaching encounter which is used for teacher training curriculum development and research"

बी. के. पासी (B.K. Passi) के अनुसार – "सूक्ष्म शिक्षण एक प्रशिक्षण तकनीक है जो छात्र अध्यापक से यह अपेक्षा रखती है की वे किसी तथ्य को थोड़े से छात्रों को कम समय में किसी विशिष्ठ शिक्षण कौशल के माध्यम से शिक्षा दें।"

"Micro-Teaching is a training technique which requires student teacher to teach a single concept to a small number of pupils using specified teaching skills in a short duration of time."

उक्त आधार पर कहा जा सकता है कि सूक्ष्मशिक्षण एक ऐसी तकनीक है जिससे अल्पावधि में नियत पाठ इकाई के आधार पर एक कौशल पर सम्पूर्ण ध्यान केन्द्रित कर कृत्रिम कक्षा स्थितियों में अल्पावधि में सिद्धहस्त हुआ जा सकता है और पर्यवेक्षक के निर्देशन में त्रुटि निवारण भी सम्भव है।

सूक्ष्म शिक्षण की विशेषताएं (Characteristics of Micro-Teaching)-

परम्परागत शिक्षण से भिन्न सूक्ष्म शिक्षण शिक्षक प्रशिक्षण में प्रभावी भूमिका अपनी निम्न विशेषताओं के आधार पर निर्वाहित कर पा रही है। :-

01 – इसमें अधिगमार्थियों की संख्या 5 से 10 के बीच होती है।

02 – शिक्षण अवधि 5 से 6 मिनट के बीच रखी जाती है।

03 – वास्तविक छात्रों की जगह अधिकांशतः सहपाठी ही छात्र की भूमिका अभिनीत करते हैं।

04 – एक कालांश एक कौशल के प्रशिक्षण हेतु होता है।

05 – विषय वस्तु एक सूक्ष्म इकाई होता है।

06 – पुनः सुधार का अवसर उपलब्ध होता है।

07 – यह छात्राध्यापक केन्द्रित रहती है।

08 – यह व्यावसायिक प्रवीणता देने में सक्षम विधि है।

09 – यह लघु अवधि में अधिक दक्ष बनाती है।

10 – प्रतिपुष्टि तुरन्त प्राप्त हो जाती है।

11 -समय बद्ध होने से गति विधियां नियन्त्रित रहती हैं।

12-शिक्षण कौशल विकास की अत्याधिक प्रभावी व व्यावहारिक व्यवस्था है।

References:

https://onlinetyari.com/blog-hindi/understanding-micro-teaching-concepts-in-hindi/

http://educationaacharya.com/2018/09/23/%E0%A4%B8%E0%A5%82%E0%A4%95%E0%A5%8D%E0%A4%B7%E0%A5%8D%E0%A4%AE-%E0%A4%B6%E0%A4%BF%E0%A4%95%E0%A5%8D%E0%A4%B7%E0%A4%A3-micro-teaching/